उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

अभिव्यक्ति की रुचि : 28/10/2023

तकनीकी और वित्तीय निविदा : 31/10/2023

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, चण्डीगढ़ प्रशासन *'13वां चण्डीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला'* का आयोजन **कलाग्राम, मनीमाजरा, चण्डीगढ़ में दिनांक 1 से 10 दिसंबर, 2023** तक करने जा रहा है।

प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञों/डिजाइनरों, जिनका राष्ट्रीय/राज्य स्तर के सांस्कृतिक उत्सवों में थीम बेस्ड एथनिक हट्स, मुख्य प्रवेश द्वार, स्टेज बैकग्राउन्ड बनाने का सिद्ध ट्रेक रिकार्ड हो, से अभिव्यक्ति की रुचि (Expression of Interest) मुख्य प्रवेश द्वार, स्टेज बैकग्राउन्ड तथा मचान के डिजाइन और निर्माण के लिए आमंत्रित की जाती हैं। कलाग्राम में उक्त शिल्प मेले के लिए जिन्हें बांस, प्लाईवुड, वुडन बैटन, हेसियन कपड़ा, भित्ति चित्रों के साथ मिट्टी या बांस, पेंट और रंगीन कपड़ों के साथ बनाया जाना है।

विशेषज्ञों/डिजाइनरों को कलाग्राम कार्यालय, मनीमाजरा, चण्डीगढ़ में 28/10/2023 को दोपहर 03:00 बजे पूर्व–बोली चर्चा और प्राधिकृत समिति के समक्ष कार्य के दायरे और एथनिक थीम बेस्ड हट्स, मुख्य प्रवेश द्वार, मुख्य स्टेज बैकग्राउन्ड तथा मचान (20 फीट उँचाई) के निर्माण की योजना की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन सभी की ड्राइंग सभी को दिखाई जायेगी। इसके बाद, वे **https://www.gerpegov.com/MOC**पर अपनी निविदाएं भेजेंगे, जिसमें कार्य के दायरे के अनुसार तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा शामिल होगी, जिसे निदेशक, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला को संबोधित कर 31/10/2023 को या उससे पहले 02:00 बजे तक भेजना होगा, जो कि उसी दिन 04:00 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी निविदा में उनकी साख, अनुभव, कार्य योजना, कार्यप्रणाली के साथ–साथ असाइनमेंट के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य के प्रमाण के बारे में सभी प्रासंगिक जानकारी भी शामिल होगी, जिसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा सकता है। केवल उन्हीं कला विशेषज्ञों/डिजाइनरों की वित्तीय निविदाएं खोली जायेंगी जो तकनीकी निविदा की जांच के बाद पात्र होंगी। विशेषज्ञों/डिजाइनरों को निविदा के साथ केवल 50,000/– रुपये (केवल पचास हजार रुपये) बयाना राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने होंगे। सफल बोलीदाता को कार्यादेश मिलते ही कार्य आरम्भ करना होगा तथा दिनांक 28 नवंबर (मंगलवार) तक अपना सम्पूर्ण कार्य पूर्ण करना होगा । समय पर कार्य पूर्ण होना और कार्य की गुणवत्ता इस कार्य का आधार होगा (Time and Quality is the essence of this work). अधोहस्ताक्षरित बिना किसी कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अन्य विवरण के लिए आप दूरभाष नः 0175–2211429, 2202918 पर संपर्क कर सकते हैं।

नोटः– संशोधन/शुद्धिपत्र की जानकारी वेबसाइट **https://www.gerpegov.com/MOC** एवं www.culturenorthindia.com पर दी जाएगी।

ह0/–

निदेशक